## खबर संक्षेप



### नाबालिग पर चाकू से हमला, जांघ में फंसा टुकड़ा

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नई बस्ती क्षेत्र में मंगलवार की शाम सरेराह चाकूबाजी की एक वारदात घटित हुई। अज्ञात हमलावरों ने एक नाबालिग पर जानलेवा हमला किया जिसमें चाकू का एक हिस्सा युवक की जांघ में ही टूटकर फंस गया। जानकारी के अनुसार आजाद चौक निवासी एक नाबालिग युवक शाम को नई बस्ती क्षेत्र में पूल खेलने गया था। शाम लगभग 4:00 बजे जब वह वहां से वापस लौट रहा था तभी शंभू टॉकीज रोड पर कुछ अज्ञात युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया। शुरुआत में युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इसी दौरान हमलावरों ने नाबालिग पर चाकू से हमला कर दिया। हमला इतना जबरदस्त था कि चाकू युवक की जांघ में जा घुसा और उसका ब्लेड टूटकर अंदर ही फंस गया। घटना के बाद घायल नाबालिग को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

### सड़क हादसे में महिला की हुई मौत

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में हुये सड़क हादसे में 50 वर्षीय महिला की जान चली गई। हादसा ग्राम देवसरी के पास घटित हुई। महानदी पुल के आगे तेज रफ्तार वाहन क्रमांक MP 04 HE 3517 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पैदल जा रही 50 वर्षीय आनन्दरानी उर्फ आनंदी बाई को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आनन्दरानी की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतिका शाहनगर जिला पन्ना की निवासी बताई जा रही हैं। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### ट्रेन में सफर के दौरान बिगड़ी वृद्ध की तबीयत, अस्पताल में भर्ती

**कटनी।** ट्रेन में सफर के दौरान एक वृद्ध की अचानक तबीयत खराब हो गई। रेलवे कंट्रोल रूम की सूचना पर कटनी स्टेशन पर मुस्तैद टीम ने तत्काल सहायता पहुँचाते हुए यात्री को ट्रेन से उतारकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार 71 वर्षीय यात्री रामराज सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे थे। सफर के दौरान अचानक उनकी स्थिति बिगड़ने लगी। कोच में मौजूद अन्य यात्रियों ने इसकी सूचना रेलवे प्रशासन को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे कंट्रोल रूम ने तुरंत कटनी रेलवे स्टेशन को अलर्ट जारी किया। जैसे ही ट्रेन कटनी प्लेटफॉर्म पर पहुँची, रेलवे की मेडिकल टीम और स्टेशन स्टाफ पहले से ही स्ट्रेचर के साथ तैयार थे। स्टेशन पर यात्री की स्थिति का जायजा लिया गया। बेहतर इलाज के लिए उन्हें तुरंत स्टेशन से सरकारी जिला अस्पताल भिजवाया गया। वृद्ध का इलाज अस्पताल में जारी है।

---

**आने वाले दिनों में होगी भूसा की किल्लत, महंगे दामों पर खरीदने की होगी मजबूरी**

# आदेश को ठेंगा: प्रतिबंध के बाद भी बेरोकटोक हो रहा भूसा का निर्यात

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



जिले मे भूसा चारा का संकट न उतपन्न हो इसके लिए जिले के कलेक्टर के द्वारा जिले मे भूसा,चारा,वरसीन के निर्यात पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिबंध आदेश लगाया जा चुका है लेकिन जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन नही हो पा रहा है, जिससे धड़ल्ले से जिले के बाहर भूसा का परिवहन हो रहा है। प्रतिदिन स्लीमनाबाद व बहोरीबंद के रास्ते ट्रालियों व ट्रकों में भूसा का निर्यात खुलेआम हो रहा है। वही जिम्मेदार अधिकारी भी प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन कराने कोई रूचि नही दिखा रहे है। स्लीमनाबाद व बहोरीबंद क्षेत्र से प्रतिदिन सैकड़ो वाहनों जबलपुर परियट जा रहे है।

### महंगे दामों में क्रय करना होगा

गौरतलब है कि रबी सीजन की प्रमुख फसल गेंहू की कटाई मिसाई का कार्य पूर्णता की ओर हैं। क्षेत्र का भूसा बाहर जाने से आने वाले दिनों में किल्लत होगी और फिर पशुपालकों को महंगे दामों पर भूसा खरीदने की मजबूरी होगी। भूसा व्यापारियों द्वारा अभी 2500 से तीन हजार रूपये प्रति ट्राली खरीदा जा रहा है। कुछ यहीं स्टॉक कर रहे हैं तो कुछ पनागर, परियट व जबलपुर के अलावा आदि जगहों पर महंगे दामों पर भूसा बेच भेज रहे हैं। दूसरी जगह भूसा भेजे जाने से कुछ दिनों बाद ही भूसा की किल्लत शुरू हो जाती है और फिर पशुपालकों को 4 हजार से 5 हजार रुपए प्रति ट्राली भूसा खरीदना पड़ता है या फिर मिलता ही नहीं है। इस ओर अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि पिछले वर्ष कलेक्टर द्वारा क्षेत्र का भूसा दूसरे जिलों व राज्यो में भेजे जाने पर रोक भी लगाई गई थी लेकिन इस वर्ष अभी तक आदेश जारी नहीं किया गया है जिसका लाभ व्यापारी उठा रहे हैं।

भूसा से लोड ट्रालियां रातों में परियट व जबलपुर के लिए क्षेत्र से निकलती है। पशुपालको का कहना था कि हर वर्ष भूसा का संकट आ जाता है और दाम इतने ज्यादा हो जाते हैं कि भूसा खरीदना मुश्किल हो जाता है। यदि क्षेत्र का भूसा बाहर न भेजा जाए, तो पर्याप्त मात्रा में सस्ते दामों पर पशुपालकों को भूसा मिलता रहेगा।क्योंकि वर्तमान समय में गेंहू की 60 फीसदी कटाई हार्वेस्टर से हो जाती है। शेष 40 फीसदी कटाई ही मजदूरों व कृषक स्वयं करते है जिससे पहले से ही भूसा की कमी रहती है साथ बाहर विक्रय होने से और कमी आ जाती है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि इस संबंध में आदेश कलेक्टर के द्वारा जारी किया जा चुका है। विकासखंड क्षेत्र में सख्ती से आदेश का पालन हो इसके लिए अधीनस्थ अधिकारियो को आदेशित किया जायेगा ओर स्वयं निगरानी की जाएगी।

---

# विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**एचपीवी वैक्सीनेशन, पेयजल, ई-उपार्जन सहित कई प्रमुख बिंदुओं की होगी समीक्षा**

जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन, पेयजल, उर्वरक वितरण, ई-उपार्जन, फार्मर रजिस्ट्री सहित विभिन्न विभागों की प्रमुख योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटनी, प्रमोद कुमार चतुर्वेदी द्वारा विकासखंड स्तरीय महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकों का कार्यक्रम जारी किया गया है। 8 से 10 अप्रैल के बीच आयोजित होने वाली इन बैठकों में रीठी, कटनी और बड़वारा विकासखंड के विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

इस बैठक में तहसीलदार, जनपद सीईओ, खंड चिकित्सा अधिकारी, महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी, सहायक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, सहायक यंत्री पीएचई, विकासखंड शिखा अधिकारी और जनपद शिक्षा केन्द्र के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शामिल होंगे। एसडीएम श्री चतुर्वेदी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड रीठी अंतर्गत तहसील सभाकक्ष रीठी में बुधवार 8 अप्रैल को दोपहर 4 बजे, विकासखंड कटनी अंतर्गत एसडीएम कार्यालय कटनी मे गुरूवार 9 अप्रैल शाम 5 बजे और विकासखंड बड़वारा अंतर्गत तहसील सभाकक्ष बड़वारा में शुक्रवार 10 अप्रैल दोपहर 4 बजे बैठक का आयोजन किया गया है।

बैठक में एचपीवी वैक्सीनेशन की वर्तमान प्रगति और आगामी कार्ययोजना, ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता और प्रतिबंध अवधि के दौरान अवैध बोर उत्खनन पर रोक की समीक्षा, ई-विकास प्रणाली के जरिए उर्वरक (खाद) वितरण की स्थिति, ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों के सत्यापन कार्य, फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति और विभिन्न विभागों की प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

---

# अवैध उत्खनन और बिना अनुमति बोरिंग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली व मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अवैध रेत के खनन एवं परिवहन तथा बोरिंग में लगाये गये प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में तहसील विजयराघवगढ़ में दो अलग-अलग कार्यवाहियों में रेत के अवैध परिवहन और अवैध पेयजल उत्खनन (बोरिंग) पर बड़ी कार्रवाई की गई है।

एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता ने बताया कि निरीक्षण दल द्वारा भ्रमण के दौरान ग्राम भिम्पार में रेत से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा गया। जाँच के दौरान दोनों ही वाहनों के चालकों के पास रेत परिवहन से संबंधित अनिवार्य दस्तावेज नहीं पाए गए। चालकों द्वारा मौके पर खनिज की इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजिट पास (ईटीपी), व्यावसायिक वाहन का पंजीयन, बीमा और ड्राइविंग लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद नायब तहसीलदार राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव और नरेंद्र कुमार खरे द्वारा दोनों वाहनों को जब्त कर थाना विजयराघवगढ़ की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। मामले का प्रकरण तैयार कर जिला खनिज शाखा को आगामी कार्यवाही हेतु भेजा गया है।

### आधी रात को अवैध बोरिंग पर छापा

इसी प्रकार सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात करीब 12:30 बजे नगर परिषद विजयराघवगढ़ के पास अवैध रूप से बोरिंग करते हुए एक मशीन पाई गई। जिस पर प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए मौके पर ही मशीन को जब्त कर लिया और कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (संशोधन 2022) के तहत कार्यवाही करते हुये भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत संबंधितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

---

### शिक्षक पात्रता परीक्षा नहीं लिए जाने को लेकर जीतू पटवारी से भेंट

**स्लीमनाबाद।** मप्र शिक्षक कांग्रेस के प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी के नेतृत्व में संगठन के प्रांतीय महामंत्री राजीव पाठक, प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश यादव, प्रांतीय सचिव राजीव राय, भोपाल जिला अध्यक्ष मोहित सक्सेना आदि पदाधिकारी ने मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी से भेंट करते हुए उन्हें यह अवगत कराया की वर्तमान में प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख से अधिक शिक्षक सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार पात्रता परीक्षा लिए जाने के करण तनाव ग्रस्त हैं। संगठन ने जीतू पटवारी से आग्रह किया कि वह व्यक्तिगत रूप से रुचि लेकर शिक्षकों के पक्ष में मुख्यमंत्री से भेंट करते हुए उन्हें आग्रह करें कि मध्य प्रदेश शासन सर्वोच्च न्यायालय के उक्त निर्णय के संबंध में रिव्यू पिटीशन दाखिल कर शिक्षकों को उक्त परीक्षा से मुक्त करने की कार्यवाही प्रशस्त करें।



---

### ढीमरखेड़ा न्यायालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जीतेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार को न्यायालय प्रांगण ढीमरखेडा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने बालकों के लैंगिक संरक्षण अपराध अधिनियम (पाक्सो एक्ट) के बारे में उपस्थित पक्षकारों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस शिविर में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश पयासी, मनमोहन मिश्रा, राजेश उरमलिया व अन्य सम्मानीय अधिवक्ता व अन्य पक्षकारगण उपस्थित रहे।

---

# आरटीओ ऑफिस में खड़ी बस के बैटरी एवं टूल्स किये पार, वन विभाग के कैमरे चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले बदमाशों की धरपकड़ एवं अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिये भले ही विशेष अभियान चलाये जाने के दावे पुलिस प्रशासन द्वारा किये जा रहे हैं लेकिन अपराधिक तत्व खाकी को ही चुनौती देने पर आमादा है। बदमाश सरकारी दफ्तरों को ही निशाना बना रहे हैं। कुठला थाना अंतर्गत RTO कार्यालय और स्लीमनाबाद में वन विभाग के कैमरों पर हाथ साफ कर चोरों ने पुलिस को सीधी चुनौती दी है। जानकारी के अनुसार कुठला थाना क्षेत्र के मझगवां फाटक स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय परिसर में खड़ी एक बस को चोरों ने अपना निशाना बनाया। थाना में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार अज्ञात चोरों ने कार्यालय परिसर की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए बस में लगे बैटरी, स्टेफनी और अल्टीनेटर, सेल्फ, जैक, टाई लीवर और टूल्स किट, महंगी वायरिंग चोरी कर ले गए। चोरी गए इस सामान की कीमत लगभग 30,000 रुपये बताई जा रही है। सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है कि यह चोरी एक सरकारी कार्यालय परिसर के भीतर से हुई है, जहाँ सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होने के दावे किए जाते हैं।

### ट्रैप कैमरे के गये बदमाश

वहीं दूसरी ओर स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिद्ध बाबा आश्रम (ग्राम जुजावल) के पास हुई है। यहाँ वन्यजीवों की निगरानी के लिए वन विभाग द्वारा लगाए गए 2 नग ट्रैप कैमरे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोरी हुए कैमरों की कीमत लगभग 20,000 रुपये आंकी गई है। इन कैमरों का काम जंगल में शिकारियों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना था, लेकिन अब विभाग खुद ही चोरी का शिकार हो गया है। वनरक्षक विकास शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) BNS के तहत मामला दर्ज किया है। दोनो ही मामलों में पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। वारदातों के बाद सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

---

**कमीशन के लालच में साइबर अपराधियों को बैंक खाते एवं तकनीकी संसाधन कराता था उपलब्ध**

# करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपित को मुंबई से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी के मामले में बिलहरी पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आर्यवत शिक्षा समिति के खाते से हुई 4.26 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में मुंबई के अंधेरी ईस्ट से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी भारी कमीशन के लालच में साइबर अपराधियों को बैंक खाते और तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराता था।

पुलिस के अनुसार रोशन नगर निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी संस्था 'आर्यवत शिक्षा समिति' को डोनेशन दिलाने का झांसा देकर जीशान (निवासी सतना) ने संस्था के एक्सिस बैंक खाते की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद उक्त खाते के माध्यम से 4.26 करोड़ का अवैध लेनदेन कर धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। शिकायत पर पुलिस ने धारा 318(4) और 319(2) BNS के तहत मामला दर्ज किया था।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मुंबई के पूनम नगर (अंधेरी ईस्ट) निवासी अभिषेक नार्कर 25 वर्ष को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके साथियों—प्रशांत पद्मने और अब्दुल सत्तार ने उसे काम सौंपा था। उसे केवल एक विशेष मोबाइल लेकर होटल में रुकना होता था, जिसमें 'Forwarded Messages App' के जरिए साइबर फ्रॉड का पैसा इधर-बधर किया जाता था। इस काम के लिए उसे 15,000 प्रति सप्ताह (60,000 महीना) दिया जाता था। विवेचना में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ कि इस गिरोह के मुख्य सूत्रधार प्रशांत पद्मने और अब्दुल सत्तार के खिलाफ पूरे देश में 54 से अधिक धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। ये दोनों वर्तमान में फरार हैं और इनके दुबई में होने की आशंका है। मुंबई पुलिस ने इनके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी कराया है।

इस बड़े खुलासे में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया और कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में बिलहरी चौकी प्रभारी सुयश पाण्डेय, एएसआई दामोदर राव, प्रधान आरक्षक संतोष प्रजापति और आरक्षक लव उपाध्याय की मुख्य भूमिका रही।

---

**पेयजल की उपलब्धता में कोताही बर्दाश्त नहीं, सख्त कार्रवाई को रहें तैयार**

# कागजी खाना पूर्ति नहीं, निर्माण और विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जल गंगा संवर्धन अभियान एवं ग्रीष्म काल में नागरिकों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसे अत्यंत संवेदनशीलता एवं गंभीरता से लेते हुए पूरी गुणवत्ता के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गत वर्षों के स्वीकृत, प्रगतिरत अपूर्ण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत, ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित एवं हस्तांतरण योग्य योजनाओं, परियोजनाओं को तकनीकी मानकों एवं बारीकियों का ध्यान रखते हुए दुरुस्त कराएं। इन कार्यों में महज कागजी खाना पूर्ति नहीं बल्कि निर्माण एवं विकास कार्यों की भौतिक पूर्णता उच्च गुणवत्ता के साथ तत्परता पूर्वक कराया जाना सुनिश्चित करें।

इस आशय के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में जनपद पंचायतों के सीईओ और तकनीकी अधिकारियों को दिए। सुश्री कौर ने दो टूक सख़्त लहजे में कहा कि लक्ष्य के अनुरूप नियत समय सीमा में प्रगतिरत एवं अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने में कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह में संतोषजनक कार्य पूर्णता,लेबर बजट, ई केवाईसी आदि अन्य सभी कार्यों में प्रगति परिलक्षित नहीं होती है तो सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहें। समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों और गतिविधियों के फोटोग्राफ्स जल संचय एवं जन भागीदारी पोर्टल में अनिवार्य रूप से प्रतिदिन करें। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने जनपद पंचायत और सेक्टर वार मनरेगा योजना के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान एवं विभिन्न योजनाओं से प्रगतिरत अपूर्ण कार्यों डग वेल, रिचार्ज पिट,चेक डैम, कंटूर ट्रच,गेवियन अमृत सरोवर,तालाबों और अन्य कार्यों की विस्तार से गहन सूक्ष्म समीक्षा की। जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा करते हुए जनपद पंचायत बड़वारा की प्रगति समाधान कारक नहीं पाए जाने पर उपयंत्री डीएस बघेल और पूजा नागर को सख्त लहजे में निर्देश देते हुए कार्यों में प्रगति लाने को कहा।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से बनाये

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए सुश्री कौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों की सघन निगरानी करते हुए पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय तथा जलवायु परिवर्तन को दृष्टिगत रखते हुए बारिश के पानी की एक एक बूंद को सहेजने और संरक्षित करने शासकीय भवनों जैसे सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत भवन एवं अन्य भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आवश्यक रूप से बनाएं।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह ने संभाला जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार

छतरपुर। जिले में प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला जब डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह ने मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले में संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। मीडिया से बातचीत में कौशल सिंह ने स्पष्ट संकेत दिए कि अब जिले की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों को शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सभी सुविधाओं का पूरा लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि 1 अप्रैल से आयोजित पुस्तक मेले की अवधि को दो दिन बढ़ा दिया गया है। मेले में करीब 17 दुकानों ने भाग लिया है, जहां छात्रों और आम नागरिकों की पुस्तकों में खासी रुचि देखी जा रही है।

### 15 हजार छात्रों के भविष्य पर संकट, परीक्षा फॉर्म साइट बंद होने से हंगामा

छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की परीक्षा फॉर्म भरने की साइट बंद होने से करीब 15 हजार छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। इस मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं और छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने साइट दोबारा खोलने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान छात्रों का कहना था कि तकनीकी समस्याओं और जानकारी के अभाव में कई छात्र समय पर फॉर्म नहीं भर पाए थे। विश्वविद्यालय के कुल सचिव यशवंत सिंह पटेल ने स्पष्ट किया कि साइट पहले ही खोली गई थी और छात्रों को पर्याप्त समय दिया गया था। उन्होंने कहा कि अब दोबारा साइट खोलना संभव नहीं है, जिससे छात्रों में आक्रोश और बढ़ गया है।

### पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जनरल परेड, एडिशनल एसपी ने किया निरीक्षण

छतरपुर। पुलिस लाइन छतरपुर में पुलिस बल की दक्षता, अनुशासन एवं शारीरिक क्षमता को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नियमित रूप से परेड का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जनरल परेड आयोजित की गई।जनरल परेड के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य पटले ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इस अवसर पर पुलिस बल द्वारा अनुशासित एवं सुसंगठित ढंग से मार्च पास्ट सहित विभिन्न परेड अभ्यासों का प्रदर्शन किया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस परेड में मुख्यालय के विभिन्न थानों एवं कार्यालयों से पुलिसकर्मी, थाना यातायात स्टाफ, बम निरोधक दस्ता एवं डॉग स्क्वाड के सदस्य उपस्थित रहे।

# जंगलों में तेंदू फल की बहार, ग्रामीणों को मिल रहा आजीविका का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तेंदूखेड़ा

उपवन मंडल के अंतर्गत आने वाले वन परीक्षेत्रों के जंगलों में इन दिनों तेंदू के पेड़ों पर फल प्रचुर मात्रा में लगे हुए हैं। स्थानीय ग्रामीण इस मौसम का भरपूर लाभ उठाते हुए पारंपरिक तरीकों से इन फलों का संग्रहण कर रहे हैं। तेंदू का यह फल, जिसे छत्तीसगढ़ में "चीकू" के नाम से भी जाना जाता है, स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पोषण से भरपूर होता है। ग्रामीण सुबह से ही जंगलों की ओर रुख करते हैं और सावधानीपूर्वक पेड़ों से फल तोड़ते हैं। इस कार्य में वे स्थानीय रूप से तैयार किए गए साधनों का उपयोग करते हैं, जिससे पेड़ों को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे और फल भी सुरक्षित रूप से एकत्र हो सकें। यह गतिविधि न केवल उनकी आजीविका का महत्वपूर्ण साधन बनी हुई है, बल्कि क्षेत्र की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को भी जीवित रखे हुए है। संग्रहण के बाद इन फलों को स्थानीय बाजारों में लाकर बेचा जाता है, जहां इनकी अच्छी मांग देखी जा रही है। नगर में व्यापारी और उपभोक्ता दोनों ही इन ताजे व प्राकृतिक फलों को खरीदने में रुचि रखते हैं, क्योंकि यह शरीर के लिए लाभदायक होता है जिसके कारण लोग इसका सेवन करते हैं और



ग्रामीणों को उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। इस मौसमी व्यवसाय से उन्हें अतिरिक्त आय का स्रोत मिल रहा है, जो उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायक है। वन क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियां ग्रामीण जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। राजकुमार ठाकुर नरगुँवा ने कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि इस परंपरा को संरक्षण मिले और वन संसाधनों का सतत एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इससे लाभान्वित हो सकें।

## गर्मी में वरदान बेल फलः तेंदूखेड़ा में भरपूर उत्पादन, पर जंगलों में घटता अस्तित्व

**तेंदूखेड़ा।** गर्मियों के मौसम में प्राकृतिक रूप से उपलब्ध होने वाला बेल फल , जिसे 'श्रीफल' या 'वुड एप्पल' भी कहा जाता है, अपने औषधीय गुणों के कारण लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। क्षेत्र में इन दिनों बेल के पेड़ फलों से लदे हुए नजर आ रहे हैं, जो ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में



आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। धार्मिक महत्व के साथ-साथ यह फल आयुर्वेदिक दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी माना जाता है। बेल फल में विटामिन ए, सी, प्रचुर मात्रा में फाइबर और आवश्यक खनिज तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को ठंडक प्रदान करने, पाचन तंत्र को मजबूत बनाने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार पका हुआ बेल फल पाचन के लिए लाभकारी, शीतल प्रकृति का तथा मधुमेह रोगियों के लिए उपयोगी होता है। वहीं कच्चा बेल अतिसार, पेट संबंधी विकारों और आंतों की समस्याओं में औषधि के रूप में काम करता है। चिकित्सकों का मानना है कि अधिकांश बीमारियों की जड़ पेट की गड़बड़ी होती है, जिसे नियंत्रित करने में बेल फल प्रभावी सिद्ध होता है। गर्मी के दिनों में बेल का शरबत लू से बचाव के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। लू लगने की स्थिति में बेल के शरबत में मिश्री मिलाकर सेवन करने से शीघ्र राहत मिलती है। इसके अलावा वर्षा ऋतु में होने वाले रोगों से बचाव में भी यह फल सहायक माना जाता है।

हालांकि, तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र में कभी प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले जंगली बेल वृक्षों की संख्या अब तेजी से घट रही है। अंधाधुंध जंगल कटाई और हर वर्ष लगने वाली आगजनी के कारण यह वृक्ष विलुप्ति के कगार पर पहुंच रहा है। पहले आदिवासी समुदाय बेल फलों को एकत्र कर बाजारों में बेचकर अपनी आजीविका चलाते थे, लेकिन अब यह स्रोत लगभग समाप्त हो गया है। व्यापारियों के अनुसार पहले यहां से बेल फल कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, सागर और छतरपुर जैसे जिलों में बड़े पैमाने पर भेजे जाते थे, लेकिन अब यह व्यापार लगभग बंद हो चुका है। ऐसे में आवश्यक है कि बेल वृक्षों के संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि यह बहुउपयोगी और जीवनदायी वृक्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रहे।

# नगर परिषद में टिपर कचड़ा वाहन के क्रय करने की नस्ती हुई गुम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पथरिया

नगर परिषद में वैसे भी सुचना के अधिकार के तहत जानकारी लेना चाहें तो या तो आवेदन खारिज कर दिए जाते हैं या फिर कुछ स्वीकार हो जाए तो जानकारी मिलने की जगह अब एक पत्र पुलिस थाना में दस्तावेज गुम होने का आवेदन की छायाप्रति संलग्न कर नस्ती गुम हो जाने का मामला सामने आया है। बर्ष 2023-24 में नगर परिषद द्वारा डोर टू डोर कचड़ा एकत्रित करने 8 लाख प्रति टिपर के हिसाब से लगभग 40 लाख रुपए से पांच कचड़ा वाहन की खरीद कर भुगतान किया गया था।

आवेदक निरंजन पटेल द्वारा 12 नवंबर 2025 को सूचना अधिकार के तहत आवेदन से खरीदे गए टिपर वाहन की जानकारी चाही गई थी। जिसके संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अपने पत्र क्रमांक 622/न.प./2026 दिनांक 03 फरवरी 26 को चाही गई जानकारी की नस्ती गुम होने तथा उसी तारीख 03/02/26 को नस्ती गुम होने की पुलिस थाना पथरिया को आवेदन दिया गया सूचना पत्र संलग्न कर सूचना अधिकार के आवेदक को पत्र दिया गया चाही गई जानकारी नहीं दी गई। पुलिस थाना पथरिया को दिए गए पत्र में नस्ती गुम होने के संबंध में कौन जिम्मेदार है इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया अस्पष्ट पत्र पुलिस थाना को दिया गया। जिससे स्पष्ट है टिपर वाहन खरीदा में की गई अनियमितताएं का मामला कही उजागर न हो जाए इस मंशा से जानकारी जानबूझकर छुपाई जा रही है या गायब कर दी गई है। यह तो जांच का विषय है लेकिन एक बात तो समझ नही आ रहा है कि आखिर जब कार्यालय में दस्तावेज संभालने के लिए कोई जिम्मेदार कर्मचारी नही है तो अधिकारी द्वारा कोई ध्यान क्यों नही दिया गया वही जब सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी तभी अधिकारी द्वारा पुलिस थाना में दस्तावेज गुम होने की सूचना दी गई जो संदेह के घेरे में है और अगर ऐसे में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया तो फिर कार्यालय में रिकार्ड सुरक्षित कैसे हो सकता है। अगर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस पर अभी ध्यान नहीं दिया गया तो निश्चित ही आगे भी कई रिकार्ड फिर ऐसे ही जिनमें गड़बड़ी होगी कोई खुलासा ना हो तो गुम हो जाएंगे। वैसे तो कार्यालय के अभिलेखों को सुरक्षित और संरक्षित करने का काम स्थापना शाखा का है। वही इस संबंध में सीएम रितु पुरोहित से संपर्क किया तो मोबाइल रिसीव नही हुआ।

## सार्वजनिक तालाब का अस्तित्व बचाने  लगाई गुहार



**जबेरा।** जबेरा नगर में दमोह जबलपुर मुख्य मार्ग पर स्थित सार्वजनिक तालाब  का अस्तित्व मिटाने हेतु ग्राम के निर्वाचित जनप्रतिनिधि आमदा हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार दिनांक  7 अप्रैल 2026 को नगर के समाजसेवी एवं जागरूक युवक श्री राजेश दुबे जी के द्वारा कलेक्टर महोदय  के समक्ष जनसुनवाई में पहुंचकर के एक लिखित  शिकायती आवेदन देकर  के तालाब का अस्तित्व मिटाने ,शासकीय संपत्ति, को नष्ट करने एवं कचरा घर (नाडेप) को क्षतिग्रस्त करने वालों  के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने का निवेदन किया है। प्राप्त शिकायती आवेदन पर कलेक्टर महोदय दमोह के द्वारा जनपद पंचायत जबेरा  के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मौके पर जांच करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में आज जिला स्तरीय जंगी प्रदर्शन

**तेंदूखेड़ा।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महाराष्ट्र राज्य के संदर्भ में दिए गए निर्णय के आधार पर शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा को अनिवार्य किए जाने संबंधी शासन के आदेश से जिले के शिक्षक वर्ग में व्यापक असंतोष व्याप्त है। इस निर्णय को अव्यावहारिक एवं शिक्षकों के हितों के प्रतिकूल बताते हुए संयुक्त अध्यापक मोर्चा, जिला दमोह के बैनर तले विरोध आंदोलन की घोषणा की गई है। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि आंदोलन की रूपरेखा के तहत 08 अप्रैल 2026 को जिला स्तरीय प्रदर्शन, 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन तथा 18 अप्रैल को प्रदेश स्तरीय रैली एवं धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में 08 अप्रैल को जिला मुख्यालय दमोह में एक विशाल एवं जंगी प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें जिले के सभी शिक्षक भाग लेंगे। संयुक्त अध्यापक मोर्चा के प्रतिनिधियों गुड्डा सिंह ठाकुर, के. एल. चौकसे, ऋषि शर्मा, लाल सिंह यादव, जितेंद्र खटीक एवं गणेश प्रसाद अहीरवाल ने बताया कि इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसके अंतर्गत 04 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर समस्त शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आंदोलन की रणनीति एवं सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। इसके पश्चात 07 अप्रैल को सभी संकुल केंद्रों पर बैठकें आयोजित कर शिक्षकों को अधिकाधिक संख्या में दमोह रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन शिक्षकों के सम्मान, अधिकार एवं भविष्य से जुड़ा हुआ है, इसलिए सभी शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिले के समस्त शिक्षकों से अपील की है कि वे 08 अप्रैल को आयोजित जिला स्तरीय रैली में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी एकजुटता का परिचय दें तथा इस आंदोलन को सफल बनाएं। संयुक्त अध्यापक मोर्चा ने स्पष्ट किया है कि जब तक शासन द्वारा इस आदेश पर पुनर्विचार नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



**जबेरा।** भारतीय किसान संघ के निर्देशन में महाकौशल प्रांत के जिला दमोह की तहसील जबेरा में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम तहसीलदार सोनम पांडेय को भारतीय किसान संघ  के जिला उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष मनीष जैन, तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, प्रचार प्रसार प्रमुख प्रवीण दुबे के साथ किसान भाइयों ने उपस्थित होकर प्रदेश के किसानों की निम्न समस्याओं के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा।  ज्ञापन में लेख है कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने पर किसानों में रोष व्याप्त है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जहाँ सरकार किसानों आय दो गुना से आठ गुना तक बढ़ाने की बात कर रही कृषि कल्याण वर्ष मना रही है। सहकारी बैंकों द्वारा 0% ब्याज पर सेवा सहकारी संस्था की ड्यू डेट 28 मार्च के बाद नहीं बढ़ाए जाने पर किसानों को साल भर का 7% ब्याज एवं 14% दंड लग गया इससे किसानों पर आर्थिक बोझ आ गया। क्यों कि सरकार ने गेहूँ खरीदी की तारीख 15 अप्रेल कर दी और सोसायटी के पैसे जमा करने की तिथि 28 मार्च ऐसे में किसान पेसे कहा से जमा करेंगे ऐसे में करीब 60% किसान डिफॉल्टर हो गए हैं पिछले वर्ष के डिफाल्टर किसानों को सरकार द्वारा ब्याज की राशि वापस करने का वादा किया था जो आज तक पूरा नहीं हुआ है।  गेहूँ के खापे (पराली) जलाने पर किसानों पर F I R करना बहुत ही गलत है। अन्न दाता को जेल भेजना एवं अर्थदंड लगना ठीक नहीं है इससे तो यह प्रतीत होता है कि सरकार किसानों के प्रति कितनी गंभीर है किसानों के   साथ देशद्रोही जेसा व्यहवार किया जा रहा है जो इस देश को अन्न उत्पादन कर देता है इस किसान के साथ इस सरकार का इस कदर का क्रूरतम व्यवहार होने के कारण हम अपने संगठन की माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षक करना चाहते हैं क्योंकि हम देश  के जवाबदार जन संघठन होने के नाते सरकार को यह चेतावनी देते हैं कि सरकार जब तक पराली के निष्पादन के लिए कोई स्थाई हल नहीं निकालती हैं तब तक किसानों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाए। इस बार किसानों ने दिन, रात कड़ाके की ठंड में मेहनत एवं सरकार के द्वारा उपलब्ध संसाधन से मध्यप्रदेश में गेहूँ का बंपर उत्पादन हुआ है सरकार को 11 क्विंटल प्रति बिघा के हिसाब से गेहू की खरीदी समर्थन मूल्य पर करना चाहिए। शासन प्रशासन को जानकारी हे कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी प्रतिवर्ष होती है तब भी बारदान की व्यवस्था नहीं होना शासन की अक्षमता तथा घोर लापरवाही है जिसका दण्ड किसानों को भुगतना पड़ रहा है जिम्मेदारों को चिन्हित करके कार्यवाही होना चाहिए। ग्रीष्म कालीन मूंग खरीदी का पंजीयन सरकार शीघ्र शुरू करे। उपरोक्त समस्या का हल सरकार अतिशीघ्र करें अन्यथा भारतीय किसान संघ आन्दोलन को बाध्य होगा। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व शासन प्रशासन का होगा।

## गांजा मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



**दमोह।** पटेरा पुलिस ने गांजा मामले में एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना पटेरा में दिनाँक 16 फरवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर प्राप्त हुई की एक व्यक्ति मोटर साईकिल से अवैध मादर्क पदार्थ गांजा ले जाने की सूचना पर  पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे एवं एसडीओपी हटा के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी पटेरा के द्वारा विशेष टीम का गठन कर रेड कार्यवाही की गई। आरोपी रामदास पिता घफुआ लोधी उम्र 61 साल निवासी चोमखा थाना पवई जिला पन्ना को गिरफ्तार किया एवं अन्य आरोपी फरार हो गये। मौके पर ही 5 किलो 941 ग्राम कीमती करीबन 120000 रूपये एवं मोटर साईकिल MP 35 MK 1121 सी.डी.डान होण्डा कंपनी की कीमती करीबन 50000 रूपये का जप्त के जप्त की गई। जिस पर थाना पटेरा में अपराध क्र. 64/2026 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस.एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। फरार आरोपी पिंकू उर्फ प्रकाश सिंह पिता हरिराम लोधी उम्र 45 साल निवासी जमुनिया टांक थाना पटेरा का कायमी दिनांक से ही फरार चल रहा जिसकी लगातार सतत तलाश की जा रही थी जिसे दिनाँक 02/04/26 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय से पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर मादक पदार्थ गांजे के स्त्रोत के संबंध मे पूछताछ की गई जिसने बताया कि गाँजा लकी ब्रो उर्फ लक्ष्मण जगदल्ला पिता परदेशी जगदल्ला उम्र 26 साल  निवासी ग्राम तलपार थाना मनममुंडा जिला बोध्द उडीसा से लाना बताया जो पिंकू उर्फ प्रकाश के निशा देहा में लकी ब्रो उर्फ लक्ष्मण जगदल्ला को उडीसा की पतासाजी कर उडीसा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया। प्रकरण की विवेचना जारी हैं। सफलता में सराहनी कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी में थाना प्रभारी पटेरा उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिह गुर्जर ,उप निरीक्षक संतोष सिह ,स.उ.नि.बलदेव प्रसाद आर, इन्द्रजीत,आर. सतीष की भूमिका सराहनीय भूमिका रही।

# जो जीव मन और बुद्धि से भगवान पर न्यौछावर हो जाते हैं वह ही भगवान के प्रिय - पं रवि शास्त्री

**दमोह.** स्थानीय ग्राम आमचौपरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि एक राजा था वह बहुत न्याय प्रिय तथा प्रजा वत्सल एवं धार्मिक स्वभाव का था वह नित्य अपने इष्ट देव की बड़ी श्रद्धा से पूजा पाठ किया करता था एक दिन इष्ट देव ने प्रसन्न होकर उसे दर्शन दिये तथा कहा राजन् मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हूँ बोलो तुम्हारी कोई इच्छा है प्रजा को चाहने वाला राजा बोला भगवन मेरे पास आपका दिया सब कुछ है आपकी कृपा से राज्य में सब प्रकार सुख-शान्ति है फिर भी मेरी एक इच्छा है कि जैसे आपने मुझे दर्शन देकर धन्य किया वैसे ही मेरी सारी प्रजा को भी दर्शन दीजिये यह तो सम्भव नहीं है भगवान ने राजा को समझाया परन्तु प्रजा को चाहने वाला राजा भगवान् से जिद्द करने लगा आखिर भगवान को अपने साधक के सामने झुकना पड़ा और वे बोले ठीक है कल अपनी सारी प्रजा को उस पहाड़ी के पास लाना मैं पहाड़ी के ऊपर से दर्शन दूँगा राजा अत्यन्त प्रसन्न हुआ और भगवान को धन्यवाद दिया। अगले दिन सारे नगर मे ढ़िंढ़ोरा पिटवा दिया कि कल सभी पहाड़ के नीचे मेरे साथ पहुँचे वहाँ भगवान आप सबको दर्शन देंगे दूसरे दिन राजा अपने समस्त प्रजा और स्वजनों को साथ लेकर पहाड़ी की ओर चलने लगा चलते-चलते रास्ते में एक स्थान पर ताँबे कि सिक्कों का पहाड दिखा प्रजा में से कुछ एक उस ओर भागने लगे तभी ज्ञानी राजा ने सबको सर्तक किया कि कोई उस ओर ध्यान न दे क्योंकि तुम सब भगवान से मिलने जा रहे हो इन ताँबे के सिक्कों के पीछे अपने भाग्य को लात मत मारो परन्तु लोभ लालच में वशीभूत कुछ प्रजा ताँबे के सिक्कों वाली पहाड़ी की ओर भाग गयी और सिक्कों की गठरी बनाकर अपने घर कि ओर चलने लगे वे मन ही मन सोच रहे थे पहले ये सिक्कों को समेट ले भगवान से तो फिर कभी मिल लेंगे राजा खिन्न मन से आगे बढ़े कुछ दूर चलने पर चाँदी कि सिक्कों का चमचमाता पहाड़ दिखाई दिया इस बार भी बची हुई प्रजा में से कुछ लोग उस ओर भागने लगे और चाँदी के सिक्कों को गठरी बनाकर अपनी घर की ओर चलने लगे उनके मन मे विचार चल रहा था कि ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलता है चाँदी के इतने सारे सिक्के फिर मिले न मिले भगवान तो फिर कभी मिल जायेंगे इसी प्रकार कुछ दूर और चलने पर सोने के सिक्कों का पहाड़ नजर आया अब तो प्रजाजनों में बचे हुए सारे लोग तथा राजा के स्वजन भी उस ओर भागने लगे वे भी दूसरों की तरह सिक्कों की गठरी लाद कर अपने अपने घरों की ओर चल दिये अब केवल राजा और रानी ही शेष रह गये थे राजा रानी से कहने लगेदेखो कितने लोभी हैं ये लोग भगवान से मिलने का महत्व ही नहीं जानते हैं भगवान के सामने सारी दुनिया की दौलत क्या चीज है सही बात है- रानी ने राजा की बात का समर्थन किया और वह आगे बढ़ने लगे कुछ दूर चलने पर राजा और रानी ने देखा कि सप्तरंगी आभा बिखरता हीरों का पहाड़ है अब तो रानी से रहा नहीं गया हीरों के आकर्षण से वह भी दौड़ पडी और हीरों की गठरी बनाने लगी फिर भी उसका मन नहीं भरा तो साड़ी के पल्लू में भी बाँधने लगी वजन के कारण रानी के वस्त्र देह से अलग हो गये परन्तु हीरों की तृष्णा अभी भी नहीं मिटी यह देख राजा को अत्यन्त ग्लानि और विरक्ति हुई बड़े दुःखद मन से राजा अकेले ही आगे बढते गये पहाड़ पर सचमुच भगवान खडे. उसका इन्तजार कर रहे थे राजा को देखते ही भगवान मुसकुराये और पूछा कहाँ है तुम्हारी प्रजा और तुम्हारे प्रियजन मैं तो कब से उनसे मिलने के लिये बेकरारी से उनका इन्तजार कर रहा हूँ राजा ने शर्म और आत्म ग्लानि से अपना सर झुका लिया तब भगवान ने राजा को समझाया राजन जो लोग भौतिक सांसारिक प्राप्ति को मुझसे अधिक मानते हैं उन्हें कदाचित मेरी प्राप्ति नहीं होती और वह मेरे स्नेह तथा आर्शिवाद से भी वंचित रह जाते हैं जो जीव अपनी मन और बुद्धि से भगवान पर न्यौछावर हो जाते हैं और सर्व-सम्बधों से प्यार करते हैं वह ही भगवान के प्रिय बनते है।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव में एचपीव्ही टीकाकरण आवश्यक

**दमोह।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में किशोरियों को एच.पी.व्ही संक्रमण से होने वाले खतरे से बचाने के उद्देश्य से सहयोगी विभागों के साथ किशोरियों को एच.पी.व्ही टीकाकरण कराने जागरूक करने एवं टीकाकरण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के अठया ने आज शासकीय कन्या शाला हिण्डोरिया में पहुचकर शिक्षकों एवं छात्राओं को एच.पी.व्ही. टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि एच.पी.व्ही. संक्रमण से गंभीर बीमारियों विशेषकर सर्वाइकल कैंसर का खतरा रहता है। इससे बचाव के लिए समय पर एच.पी.व्ही. टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को टीके की सुरक्षा, प्रभावशीलता के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान सीबीएमओ हिण्डोरिया डॉ. अमित मिश्रा, डीपीएम, बीसीएम सहित शाला के शिक्षकगण मौजूद रहे। इसी तरह जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने गत दिवस पथरिया विकासखंड के महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित एच.पी.व्ही. टीकाकरण जागरूकता सत्र में सहभागिता की गई। इस दौरान विशेष रूप से एस.डी.एम. निकेत चौरसिया एवं सीबीएमओ पथरिया मौजूद रहे। डॉ. चौहान ने किशोरी बालिकाओं को एच.पी.व्ही. टीकाकरण के प्रति जागरूक करते हुए इस संबंध में फैली भ्रांतियों एवं छात्राओं की जिज्ञासा का समाधान किया गया। इससे प्रेरित होकर शाला की 10 किशोरियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में एच.पी.व्ही. टीकाकरण भी कराया गया। इस दौरान बीपीएम मौजूद रहे। सत्र दौरान डॉ. चौहान ने बताया कि एच.पी.व्ही. वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित एवं प्रभावी है, जिसे डब्ल्यू.एच.ओ. सहित विश्व की प्रमुख संस्थाओं द्वारा मान्यता प्राप्त है। विश्व के 150 से अधिक देशों में वर्ष 2009 से यह वैक्सीन लगाई जा रही है। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क लगाई जा रही है।

## परियोजना अधिकारी ने केरबना हाई स्कूल में छात्राओं से किया संवाद



**दमोह।** महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी बटियागढ़ शिव राय ने हाई स्कूल केरबना में छात्राओं से संवाद किया और उन्हें HPV वैक्सीन के विषय में समुचित जानकारियां दी। परियोजना अधिकारी श्री राय ने 14 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को HPV वैक्सीन की अनिवार्यता बताई और कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव और रोकथाम के लिए यह टीका आवश्यक है। उन्होंने एक शिक्षक की भूमिका में ब्लैक बोर्ड पर क्रमबद्ध तरीके से सर्वाइकल कैंसर के लक्षण दुष्प्रभाव बताते हुए वैक्सीनेशन के फायदे बताएं और सभी से वैक्सीनेशन करने की अपील की और कहा कि आप सभी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीन डोज लगवाएं यह पूर्णतः सुरक्षित है। अभियान के विषय मे परियोजना अधिकारी शिव राय ने बताया कि कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और सीएमएचओ आर.के अठ्या के निर्देश पर लगातार जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से किशोरी बालिकाओं और परिजनों को वैक्सीन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## जनसुनवाई में 191 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 191 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 20 आधार पंजीयन, आयुष्मान पंजीयन 01 एवं 140 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवेदन भी दिए गए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर आर एल बागरी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले के ग्राम नोहटा, अभाना सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 35 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया।

श्रद्धालुओं को सरल, सुलभ एवं व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराना ही प्राथमिकता - प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

## बांदकपुर स्थित जागेश्वरनाथ लोक के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बांदकपुर स्थित जागेश्वरनाथ लोक के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, इस बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी, विधायक जयंत कुमार मलैया, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की गरिमामय मौजूदगी रही। बैठक में मंदिर समिति, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर विकास कार्यों की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया।



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं मंदिर समिति संरक्षक सुभाष सोलंकी ने कहा कि श्रद्धालुओं को सरल, सुलभ एवं व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि मंदिर परिसर में ऐसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएं, जिससे आने वाले श्रद्धालु सकारात्मक अनुभव लेकर जाएं और अन्य लोगों को भी यहां की सुविधाओं के बारे में बताएं। साथ ही उन्होंने डिजिटल व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया, जिससे आमजन घर बैठे ही लाइव दर्शन और व्यवस्थाओं को देख सकें। पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा कि कॉरिडोर निर्माण पूर्ण होने के बाद क्षेत्र का सौंदर्यकरण किस प्रकार किया जाएगा, इसकी अभी से कल्पना कर ठोस योजना बनाना आवश्यक है। उन्होंने भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समग्र विकास की बात कही। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि जागेश्वरनाथ लोक के निर्माण कार्यों की समीक्षा तथा संभावित समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से नोट किया गया है और प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत चर्चा कर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें सभी के सहयोग से प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। बैठक के पश्चात विधायक जयंत कुमार मलैया एवं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने निर्माणाधीन कॉरिडोर, मुख्य द्वार, मंदिर परिसर सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

दिल का दौरा पड़ने की आंशका, पीएम रिपोर्ट से होगा मौत की वजह का खुलासा

## ड्यूटी के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स मिली बेहोश, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

### तेंदूखेड़ा ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा ब्लॉक स्थित सर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एक स्टाफ नर्स अपने शासकीय आवास में बेहोशी की हालत में मिलीं। उन्हें गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शासकीय आवास की रसोई में बेहोश मिली

जानकारी के अनुसार, 38 वर्षीय स्टाफ नर्स कलावती रैकवार मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे अपने शासकीय आवास की रसोई में अचेत पाई गईं अस्पताल स्टाफ की मदद से उन्हें 108 एम्बुलेंस से तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया तेंदूखेड़ा में डॉक्टरों ने उनकी जांच की और सीपीआर भी दिया, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### दिल का दौरा पड़ने से मौत की आशंका

मिली जानकारी के मुताबिक, जबलपुर मेडिकल कॉलेज में हुई ईसीजी और अन्य जांचों में दिल का दौरा पड़ने की आशंका सामने आई है हालांकि, मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी है कलावती रैकवार सागर जिले के रहली की रहने वाली थीं और सर्रा स्वास्थ्य केंद्र में पिछले 3 सालों से अपनी सेवाएं दे रही थीं उन्होंने तेंदूखेड़ा, तेजगढ़, सर्रा और तारादेही सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में काम किया था। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की आंखें नम हो गई लोग कहते हुए नजर आए कि सुबह नर्स अपनी ड्यूटी पर थी लेकिन दोपहर में इतनी बड़ी घटना हो गई।



**खबर संक्षेप**

### एल-1 अधिकारियों पर जुर्माना अधिरोपित

**दमोह।** सीएम हेल्पलाईन पोर्टल पर माह फरवरी 2026 में अनिराकृत पाई गई शिकायतें जिनके निराकरण एल-1 अधिकारियों द्वारा समय-सीमा में नहीं किये जाने एवं वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा जारी निर्देशों की अवहेलना किये जाने के फलस्वरूप कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने 20 विभिन्न विभागों के अधिकारियों पर 100 रूपये प्रति शिकायत के मान से 4900 रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया है। उन्होंने कहा है जुर्माने की राशि 03 दिवस के भीतर जिला रेडक्रॉस सोसायटी दमोह के बैंक खाता क्रमांक 10408898213 एवं IFSC-SBIN0003716 में जुर्माना राशि जमा कर रसीद कार्यालय कलेक्टर में प्रस्तुत की जाये। उन्होंने आदेशित किया है कि शिकायतों के अनिराकृत होने की पुर्नावृत्ति न होने पाये।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में जिला रोगी कल्याण समिति (कार्यकारिणी सभा) की बैठक आज 08 अप्रैल 2026 को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में सायं 6 बजे से संपन्न होगी। सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रहलाद पटैल ने सभी संबंधितों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### कलेक्टर पेयजल समस्या ग्रस्त ग्रामों का करेगें निरीक्षण आज

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर 8 अप्रैल को प्रातः 08 बजे विकासखंड से बटियागढ़ के विभिन्न पेयजल समस्या ग्रस्त ग्रामों का भ्रमण किया जाएगा। इस निरीक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देना है। निरीक्षण के दौरान बटियागढ़, गूगराकला, सौरई, जलना, इमलिया, डिलोना, गीदन, फुरताल, देवतरा, अन्गौरी टोला, बरी मडियादौ, चौपरा मडियादौ, जागुपुरा, खुटियानी रैपत एवं गर्रवा ग्राम शामिल रहेंगे। कार्यपालन यंत्री ने कलेक्टर श्री कोचर के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं, ताकि मौके पर ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 10 को

**दमोह।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद राहुल सिंह की अध्यक्षता में 10 अप्रैल 2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 11.30 बजे कार्यालय कलेक्टर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने कहा बैठक में एजेण्डानुसार चर्चा की जायेगी। उन्होंने सभी संबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## निःशुल्क प्याऊ का हुआ शुभारम्भ



**दमोह।** प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री व वर्तमान दमोह विधायक श्री जयंत मलैया ने जीवनमुक्त सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी की प्रेरणा से आज दमोह रेल्वे स्टेशन पर हरे माधव निशुल्क प्याऊ का शुभारम्भ किया । हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति पिछले 22 वर्षों से निरंतर रेल्वे स्टेशन पर यात्रियों को निशुल्क पानी पिलाने का कार्य करती आ रही है, ₹मानव सेवा ही सच्चा धर्म है ₹ यह प्रेरणा रखते हुए समिति द्वारा ये सेवा कार्य किया जा रहा है।

## एक वर्ष से लंबित कपिलधारा कुआं प्रकरण पर कलेक्टर ने दोषियों के निलंबन के दिए निर्देश

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने ग्राम पंचायत खामखेड़ा निवासी शोभे सींग की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत दमोह के सीईओ हलधर मिश्रा को सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कोचर ने प्रकरण की प्रारंभिक जांच में पाया कि 28 अप्रैल 2025 को स्वीकृति जारी होने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत हलधर मिश्रा को आज शाम तक दोषी कर्मचारियों को निलंबित करने, पंचायत स्तर पर औपचारिकताएं पूरी कर स्वीकृति सुनिश्चित करने और एक-दो दिनों में लाभार्थी के खाते में राशि हस्तांतरित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, अगले 02 महीनों में कुआं निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर श्री कोचर ने इसे प्राइमा फेसी गंभीर लापरवाही करार देते हुए कहा, एक साल पहले आवेदन मिलने के बावजूद स्वीकृति और भुगतान में देरी से लाभार्थी का पूरा गर्मी का सीजन बर्बाद हो गया। उन्होंने दोषी कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो। यह कार्रवाई कपिलधारा योजना के तहत पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है आज जनसुनवाई में शोभे सींग ने बताया कि अप्रैल 2025 में उनके कपिलधारा कुआं की स्वीकृति हो गई थी, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद न तो निर्माण कार्य शुरू हुआ और न ही एक रुपया प्राप्त हुआ। इससे उनका एक गर्मी का मौसम बर्बाद हो गया और वर्तमान सीजन भी व्यतीत हो रहा है।

## ग्राम पंचायतों में बनाये गये अमृत सरोवर, परकोलेशन टेंक एवं चेक डेम बने शोपीस

**पथरिया।** जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विगत वर्षों में जितने भी अमृत सरोवर,नवीन तालाब, परकोलेशन टेंक व चेक डेम जिसमें लाखों रुपए प्रति कार्य के हिसाब से खर्च हो गए लेकिन धरातल पर ना जाने ऐसा क्या कार्य हुए कि पानी सहेजने के लिए बनाए गए पर कही कही तो पानी की बूंदें तक नही देखने को नही मिल रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की नजर अंदाजी कहें या सांठगांठ की सब काम पूर्ण हो गयें हालात यह तक बनें हुए हैं जिनके सेक्टर के कार्य है उन्हीं उपयंत्री को जानकारी नहीं रहती कि कहां की बात कर रहे हैं मतलब काम स्वीकृति से लेकर टीएस तकनीकी स्वीकृति सब उन्होंने दी और काम कहां चल रहा पता नही कितना हुआ ऐसे में अधिकारियों की कार्यशैली भी संदेह के घेरे में बनी हुई है, जनपद पंचायत में निमार्ण कार्य एजेंसी भलें पंचायत हो पर निमार्ण कार्य कौन कर रहा मालूम करने पर पता चलता है। चर्चा तो यह तक है कि कई रोजगार सहायक अब अन्य पंचायतों में काम लिए हुए हैं। लेकिन सब चल रहा है।

## पथरिया में दबंगई दिखाने वाला पुलिस कर्मी सस्पेंड

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री लखन पटेल के निर्वाचन क्षेत्र पथरिया में सरेआम दबंगई दिखाने वाले एक प्रधान आरक्षक को आखिरकार एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने सस्पेंड कर दिया है। वही दोनों मामलों की जांच के निर्देश एसडीओपी पथरिया को दिए गए हैं। इसके बाद मामले में और भी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की संभावना जताई जा रही है। एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी के अनुसार प्रधान आरक्षक संदीप कुशवाहा द्वारा सार्वजनिक तौर पर किए गए मानव दुर्व्यवहार की घटनाओं के दो वीडियो सामने आने के बाद इन घटनाओं को संज्ञान में लेकर उसे निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। एक वीडियो में पेट्रोल पंप पर एक किसान के साथ मारपीट दुर्व्यवहार तथा दूसरे वीडियो में एक चाट विक्रेता के साथ मारपीट करता हुआ नजर आ रहा है। मामले में स्थानीय लोगों का कहना है कि पथरिया में लंबे समय से पदस्थ रहे प्रधान आरक्षक की वर्दी में दबंगई के आए दिन मामले सामने आते रहते थे। लेकिन सतारण दल के कुछ नेताओं से नजदीकी के चलते थाना प्रभारी तथा एसडीओपी कार्यवाही करने से बचते रहते थे। पिछले दिनों पेट्रोल संकट के दौर में एक पेट्रोल पंप पर लाइन लगाए खड़े किसानों के साथ आतंकियो जैसा बर्ताव किया गया था। इस दौरान प्रधान आरक्षक संदीप कुशवाह द्वारा किसानों की डीजल कैन को लात मार कर फेंकने तथा इसका विरोध करने पर बोतराई के एक किसान की सरेआम बेज्जती कर हाथापाई करते हुए पुलिस वाहन में जबरन धक्का देने की घटना सामने आई थी। किसान इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों तक करता उसके पहले ही उसके खिलाफ पथरिया थाने के रोज नामचे में शासकीय कार्य में बाधा वह वर्दी उतरवाने की धमकी देने की जानकारी अपडेट कर दी गई थी।

इधर दूसरा मामला रविवार को पथरिया के एक चाट दुकानदार के साथ मारपीट कर उसे थाने ले जाने थाने में भी जमकर मारपीट किए जाने का सामने आया था। बताया जा रहा है कि चाट दुकानदार मुकेश अग्रवाल आईपीएल के सट्टा खेलने का शौकीन रहा है वही उसका भाई पूर्व में आईपीएल का सट्टा खिलाता रहा है। रविवार को प्रधान आरक्षक कुशवाह उसकी चाट की दुकान पर पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे थे। जहां दुकान की तलाशी लेने पर जब कुछ नहीं मिला तो वह हाथापाई पर उतारू हो गए तथा दुर्व्यवहार करते हुए मुकेश को पकड़ कर अपने साथ थाने ले गए। थाने में भी उसके साथ जमकर मारपीट करके आईपीएल सट्टा खिलाने की बात कबूल करवाने की कोशिश की गई। लेकिन उसके पास इससे जुड़ा कोई सबूत नहीं मिलने पर आखिरकार देर रात सट्टा पर्ची का केस बनाकर उसे छोड़ दिया गया था। इधर सोमवार को मुकेश अग्रवाल की दुकान पर पुलिसकर्मी द्वारा की गई मारपीट की सीसीटीवी क्लिप के अलावा पिछले दिनों पेट्रोल पंप पर बोतराई के किसान के साथ मारपीट के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होकर खबरों की सुर्खियां बने। उसके बाद देर रात एसपी ने मामले को संज्ञान में लेकर प्रधान आरक्षक संदीप कुशवाह के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही करने में देर नहीं की।

## अभाना और बांसा मंडल भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में दमोह विधानसभा अंतर्गत अभाना मंडल अध्यक्ष दान सिंह लोधी एवं बांसा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पर भारतीय जनता पार्टी के 47वां स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण कर मनाया गया। मंडल के प्रशिक्षण वर्गों में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, दमोह सांसद राहुल सिंह एवं दमोह विधायक पूर्व मंत्री जयंत मलैया ने सम्मिलित हुए और प्रशिक्षणार्थी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वर्ग शुभारंभ पर भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत पंजीयन एवं आगमन के साथ हुई। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र में जिला महामंत्री महेश पटेल ने "भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा" विषय पर विस्तृत वक्तव्य दिया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं लोकतंत्र सेनानी संघ अध्यक्ष निर्गुण करें ने की। इस सत्र में पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक मूल्यों एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला गया।

## लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में बनाई जगह



दमोह। 12वीं संभाग स्तरीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बक्सवाहा में 7 से 9 अप्रैल तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में दमोह टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पहले मुकाबले में दमोह का सामना पन्ना से हुआ। टीम के कप्तान ललित राज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 12 ओवरों में दमोह ने 87 रन बनाए। इसमें राहुल राजपूत ने 24 रन, पवन खरे ने पारी को संभालते हुए कीमती 22 रन, शोएब पठान ने 14 रन और ललित राज ने 11 रन का योगदान दिया। जवाब में पन्ना की टीम दमोह के घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 68 रन पर ऑल आउट हो गई। दमोह की ओर से भगवत सेन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट झटके, जबकि शोएब पठान ने 2 विकेट हासिल किए। इस तरह दमोह ने यह मैच जीत लिया। दूसरे मुकाबले में दमोह का सामना निवाड़ी से हुआ। निवाड़ी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 102 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दमोह टीम के सलामी बल्लेबाज शोएब पठान और राहुल राजपूत ने बेहतरीन शुरुआत दी। शोएब पठान ने अपनी पारी में तीन चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 39 रन और राहुल राजपूत ने सात चौकों व एक छक्का की बदौलत नाबाद 51 रन बनाते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दमोह ने यह मैच 8 विकेट से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा, डीपीसी मुकेश द्विवेदी और डीएसओ गगन कन्नौजे ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मोनू घोषी ने बढ़ाया नगर का गौरव, दो मॉडल का हुआ चयन

**तेंदूखेड़ा।** संत अलॉयसियस महाविद्यालय स्वशासी, जो सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय का नोडल केंद्र है, में अगस्त 2025 में आयोजित एमएसएमई विचार महोत्सव 5.0 में महाविद्यालय के छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से हजारों नवाचार प्रस्तुत किए गए, जिनमें महाविद्यालय के दो अभिनव प्रकल्प—'विन विन' और 'स्मार्ट स्विच बीएलडीसी'—का चयन हुआ। इन प्रकल्पों को क्रमशः 15 लाख एवं 4 लाख रुपये की



अनुदान राशि प्रदान की गई। मध्यप्रदेश से चयनित कुल 24 विचारों में से जबलपुर के केवल दो प्रकल्पों का चयन होना इस उपलब्धि को और भी विशेष बनाता है। इस सफलता में गौरव गोयल (सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय इंदौर) का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. जे. जी. वल्लन अरासु एवं प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एन्टोन रोज ने सभी विजेता छात्रों एवं नोडल अधिकारी डॉ. आशु जैन को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 'विन बिन' दल में सक्षम कौशिक, वैष्णवी, पुष्कर गुप्ता, युवराज मेहता एवं प्राप्ति दीक्षित शामिल रहे, जबकि 'स्मार्ट स्विच बीएलडीसी' दल में मोनू घोषी, सक्षम रजक, वत्सल बर्मन, अरुण पटेल, तनिष्क बर्मन एवं सजल चतुर्वेदी का योगदान रहा। विशेष रूप से तेंदूखेड़ा निवासी छात्र मोनू घोषी की सफलता प्रेरणादायक है, जिनके पिता सुदामा घोषी ने मोटर वाइंडिंग का कार्य करते हुए कठिन परिश्रम से अपने परिवार का पालन-पोषण किया और अपने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। इसी परिवार की कृतिका घोषी ने भी माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया।

## सोजना विद्यालय के नवनिर्मित भवन में लैब और अतिरिक्त कक्षों का विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

विधानसभा क्षेत्र के सोजना गांव में मंगलवार को विधायक उमादेवी खटीक ने एक करोड़ 23 लाख की लागत से शास हायर सेकंडरी विद्यालय के नवनिर्मित भवन में विद्यार्थियों की सुविधा हेतु तीन लैब चार कक्षों का लोकार्पण किया। लोकार्पण कार्यक्रम की शुरुआत विधायक द्वारा पूजा अर्चन कर ग्राम के प्रतिनिधियों के साथ फीता काटकर किया गया। इसी के साथ नवीन भवन के कक्षों में प्रवेश करते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक उमादेवी खटीक ने छात्रों को शासन की विभिन्न शिक्षा योजनाओं और छात्र कल्याणकारी



कार्यों की जानकारी दी तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण अंचलों में शिक्षा स्वास्थ्य सड़क बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए लगातार विकास कार्य कर रही है। सोजना गांव में बनाया गया यह हाई स्कूल और लैब इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अध्ययन के लिए अनुकूल माहौल देगा और गांव की प्रतिभाएं भी समुचित शिक्षा प्राप्त करेंगी। वहीं ग्राम सोजना के समाजसेवी पं सुशील व्यास ने मंच से ग्राम में नवनिर्मित स्कूल भवन की उपलब्धि मानते हुए छात्राओं को बेहतरीन शिक्षा के लिए पूरे शाला परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। और विद्यालय के विकास के लिए मेन रोड से विद्यालय तक सीसी सड़क स्वागत गेट एवं विद्यालय की बाउंड्री वॉल विधायक निधि से स्वीकृत किए जाने की मांग की गई जहां विधायक ने शीघ्र ही इन मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच सहित आसपास के अभिभावकों बच्चों एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आभार विद्यालय की प्राचार्य अर्चना पटेल द्वारा किया गया।

## कांग्रेस सेवादल की कार्यकारणी घोषित

**दमोह।** म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यंक्ष अविनीश भार्गव की मंशानुसार एवं दमोह जिले के समस्त वरिष्ठों, कांग्रेसजनों की सहमति से जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अविनीश भार्गव की मंशानुसार एवं दमोह जिले के समस्त वरिष्ठो कांग्रेसजनों की सहमति से जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजय चौरसिया द्वारा जिला कार्यकारणी ब्लॉक एवं उपब्लॉक अध्यक्ष का गठन किया गया जो निम्नानुसार है। उपाध्यक्ष अनिल मिश्रा, खिलान सिंह, खेत सिंह ठाकुर महासचिव केके चक्रवर्ती, संतोष अहिरवाल, बुद्ध सिंह, कैलाश लोधी, प्रांजल तिवारी, बाबा रामपाल पटेल, प्रहलाद आदिवासी, शुभम यादव, विजय लोधी, सत्यम राजपूत, लक्ष्मी प्रसाद अहिरवाल, दिनेश सिंह ठाकुर, पवन यादव, धर्मेश कुमार पटेल, रत्ना अहिरवाल, सलीम खान, मुन्ना सेन, नीलेश चौबे सहसचिव ज्ञानी यादव, जुगराज सिंह, धुर्वे, इंदुर अहिरवार, डालचंद रजक, रामदास अहिरवार, प्रदीप अहिरवार, राकेश प्रजापति, गुड्डन रैकवार, कमलू बंसल, खेमचंद अहिरवार विधानसभा प्रभारी दमोह शंभू राय, पथरिया अजय सिंह ठाकुर, हटा सचिन शुक्ला, जबेरा चंद्रभान सिंह ठाकुर, मुख प्रशिक्षक शंकर सिंह लोधी, विधानसभा प्रशिक्षक दमोह केशव प्रसाद विश्वकर्मा, हटा भूरा बंसल, पथरिया, जनक सींग लोधी, जबेरा नंदलाल यादव, उपब्लाक अध्यक्ष तेजगढ़ अमर सींग ठाकुर, बांदकपुर मुकेश यादव, कुम्हारी कल्याण सींग लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष तेन्दुखेड़ा श्री नरेश केवट पथरिया, पीर अली, पटेरा ईशू सोनी, हिण्डोरिया मुह.फिरोज खान ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष जबेरा दिनेश दुबे, हटा शहर अध्यक्ष कम्मू ताम्रकार, मुख्य प्रशिक्षक शंकर सिंह लोधी, कोषाध्यक्ष राजवीर सिंह राजपूत ध्वज प्रभारी श्याम सोनी मीडिया अजय पारोचे, राजेश वर्मा सोशल मीडिया पप्पू साबिर, प्रमेश सिरोठिया आदि की नियुक्ति की।

## फल सब्जी मंडी में नहीं लगा रहे लहसुन की फसल नीलामी

**दमोह।** कृषि उपज मंडी फल सब्जी मंडी प्रांगण में लहसुन की फसल मंडी कर्मचारियों के द्वारा नीलामी लगाई जाये। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल का पत्र क्रमांक/बोर्ड/नियमन / लहसुन/360/4246 दिनांक 20/02/2024 को समस्त सयुक्त संचालक आंचलिक कार्यालय एवं कृषि उपज मंडी समस्त को पत्र जारी किया गया था। न्यायलय एवं प्रमुख सचिव उक्तानुसार आदेशों के परिपालन में अधिसूचित कृषि उपज लहसुन (गीला एवं सूखा) की मंडी कर्मचारियों के द्वारा घोष विक्रय के माध्यम से नीलामी कराई जाये लेकिन कृषि उपज मंडी समिति फल सब्जी मंडी प्रांगण में लाइसेंस व्यापारियों के द्वारा लगाई जा रही है। शासकीय कर्मचारियों के द्वारा नीलामी नहीं लगाई जा रही है यह आदेशों का उल्लंघन है। कृषि उपज मंडी फल सब्जी मंडी प्रांगण में समस्त व्यापारी चाहते है कि लहसुन की नीलामी मंडी कर्मचारियों के द्वारा की जावे।